प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के नतीजे किये घोषित : 12वीं में प्रयागराज की महक जायसवाल और दसवीं में जालौन के यश प्रताप सिंह बने टॉपर।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को दी बधाई : कहा– राज्य और जनपद स्तर के सभी मेधावियों को किया जायेगा सम्मानित।
3. मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में मदरसा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधारों पर दिया बल : कहा– मदरसा में शिक्षा को बनाया जाये पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक।

और

4. केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में नए वक्फ कानून को लेकर दाखिल किया हलफनामा : कहा– वक्फ कानून का दुरूपयोग रोकने के लिये किये गय संशोधन।

————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम आज घोषित कर दिया। हाई स्कूल के परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 90.11 और इंटरमीडिएट में परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 81.15 रहा। इंटरमीडिएट में प्रयागराज की महक जायसवाल ने 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान

प्राप्त किया। उसके बाद अमरोहा की साक्षी, सुल्तानपुर के आदर्श यादव, प्रयागराज की शिवानी सिंह और कौशाम्बी की अनुष्का सिंह ने 96.80 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और इटावा की मोहिनी ने 96.40 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

हाईस्कूल में जालौन के यश प्रताप सिंह 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे। इटावा की अंशी और बाराबंकी के अभिषेक कुमार यादव ने 97.67 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि मुरादाबाद की रितु गर्ग, सीतापुर के अर्पित वर्मा और जालौन की सिमरन गुप्ता 97.50 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

12वीं में प्रदेश में टॉप करने वाली महक जायसवाल ने कहा कि किसी प्रकार का तनाव लिए बिना पढ़ाई कर उन्होंने ये उपलब्धि हासिल की है। बाइट.....

*मैंने बर्डन ना बना के मेरे घरवालों ने भी कोई प्रेशर नहीं दिया था मैंने माइंड फ्री करके पढ़ाई की है और जो नहीं समझ में आया उसे मैंने बार बार रिपीट करके पढ़ाया डॉक्टर बन के समाज की सेवा करनी है।*

वहीं दसवीं में पहला स्थान पाने वाले यश प्रताप सिंह ने कहा कि उन्होंने कड़ी मेहनत कर ये सफलता पाई है। बाइट....

*इसका श्रेय में अपने विद्यालय के अध्यापकों को अपने परिवार वालों को अपने सहयोगियों को देना चाहता हूँ जिन्होंने मेरा बहुत ही योगदान दिया मेरी सफलता में।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रदेश स्तर और जनपद स्तर के सभी टॉपर्स का सम्मान किया जायेगा। वहीं विफल होने वाले छात्रों का उन्होंने निराश ना होने और फिर से प्रयास करने को कहा है।

इस बार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सिर्फ 43 दिनों में नतीजे घोषित कर नया कीर्तिमान बनाया है। यूपी बोर्ड के दसवीं और बारहवीं के नतीजों में इस बार भी बालिकाओं का प्रदर्शन बालकों से बेहतर रहा। पेश है एक रिपोर्ट.....

*हाईस्कूल में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.21 अधिक है। वहीं, इंटरमीडिएट में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 9.77 अधिक है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इस वर्ष कुल 8140 परीक्षा केंद्रों पर 13 कार्यदिवसों में बोर्ड परीक्षाएं संपन्न कराई गईं। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में करीब 25 लाख 45 हज़ार 815 छात्र शामिल हुए । वहीं इंटरमीडिएट में 25 लाख 98 हज़ार 560 छात्रों ने परीक्षा दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी बोर्ड ने तकनीकी और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

विभिन्न जेलों में निरुद्ध बंदी परीक्षार्थी भी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में शामिल हुए। हाईस्कूल में ऐसे 94 परीक्षार्थियों ने बोर्ड एग्जाम दिए, जिनमें से 91

उत्तीर्ण हुए। इसी तरह, इंटरमीडिएट में कुल 105 बंदी परीक्षार्थी एग्जाम में बैठे, जिनमें 91 उत्तीर्ण हुए।

————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की मदरसा शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने मदरसा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। पेश है एक रिपोर्ट...**

*आज हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि मदरसे सिर्फ मजहबी शिक्षा केंद्र बनकर न रह जाएं। उनमें अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के सभी आयामों का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षा को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सुधार नहीं, बल्कि नवाचार और समावेशिता के माध्यम से मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा में लाना है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और समुचित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। श्री योगी ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करने को कहा है जिसमें बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, वित्त, न्याय एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभागों के विशेष सचिव सदस्य शामिल होंगे। यह समिति मदरसों के सुचारू संचालन और शिक्षकों की सेवा–सुरक्षा और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बदलावों पर अपनी संस्तुति देगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से, तनवीर फातिमा।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में कार्यरत आउटसोर्सिंग कार्मिकों की सेवा, श्रम अधिकारों और पारिश्रमिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक में इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सभी कार्मिकों के बैंक खाते में पूरा पारिश्रमिक जमा हो जाए। साथ ही, ईपीएफ व ईएसआई की राशि भी समय से जमा हो। नियमों के उल्लंघन पर एजेंसियों पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबार, पेनाल्टी व वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार, 27 अप्रैल का दोपहर 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क प्रसारित होगा।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के रूप में स्व. हेमवती नंदन बहुगुण ने प्रदेश और देश के विकास में अपना योगदान दिया है। बाइट....

*प्रदेश और देश के विकास के लिए उन्होंने जो अपना योगदान दिया है उनकी स्मृतियों को लगातार ये सरकारें आगे बढ़ा रही हैं। आज के इस अवसर पर उनकी इस पावन जयंती कार्यक्रम पर मैं प्रदेशवासियों की ओर से स्वर्गीय हेमती नंदन बहुगुणा जी के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।*

————————

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना आज गाजियाबाद में एक राष्ट्र—एक चुनाव पर आयोजित युवा परिचर्चा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अगर एक राष्ट्र—एक चुनाव के अंतर्गत चुनाव कराए जाते हैं, तो उसका फायदा समाज के हर व्यक्ति को मिलेगा। बाइट.....

*आज देश में सबसे ज्यादा आवश्यक है कि वन नेशन वन इलेक्शन जिससे समय की बचत भी होती है। धन की बचत भी होती है और जो मैन पावर लगती है उसका समय भी बचता है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने कई इनोवेशन किए हैं उसमें से जो देश के सामने चुनौतियां थी उसका भी समाधान किया और ये वक्त की मांग है कि हम एक साथ विधानसभा और लोकसभा का चुनाव कराएं और इसके लिए उन्होंने सार्थक प्रयास भी किए हैं।*

————————

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द करने के एक दिन बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सभी मुख्यमंत्रियों से बात की और उनसे अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने को कहा। गृह मंत्री ने आज शाम नई दिल्ली में सिंधु जल संधि के संबंध में एक बैठक भी की। इसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए।

————————

केंद्र सरकार ने आज सर्वोच्च न्यायालय में नए वक्फ कानून को लेकर हलफनामा दाखिल कर दिया है। अल्पसख्यक कार्य मंत्रालय से दाखिल प्रारंभिक हलफनामे में कहा गया है कि वक्फ कानून का दुरूपयोग रोकने के लिये वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन किये गये हैं। सरकार ने कहा है कि देश मे वक्फ बोर्डों का समुचित प्रशासन और प्रबंधन हो सके और ये पारदर्शिता के साथ काम कर सकें, इस उद्देश्य से संशोधन किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की अगली सुनवाई पांच मई तय की है। 17 अप्रैल को हुई सुनवाई में न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों तथा वक्फ बोर्डों को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की

वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था।

————————

आईपीएल में आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से हो रहा है। दोनों टीमें फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। दोनों ने अपने पहले आठ मैचों में से सिर्फ दो–दो में जीत हासिल की है।

————————

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में कल के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं सत्ताईस से उन्तीस अप्रैल तक प्रदेश के पूर्वी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश का भी अनुमान जताया है। विभाग के मुताबिक अगले 5 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में लगभग 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

(समाप्त)